सुविचार मनुष्यता छोड पशुता कि ओर बढना ही सबसे बडा दुखद जीवन है। डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - १६ सोमवार – ३०/०९/२०२४ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### चीन को कैसे काबू में करेगा

आज दुनिया के जो हालात हैं, उन्हें देखते हुए यह बात बहुत मायने रखती है। आज कई वैश्विक मंचों की अहमियत नहीं रह गई है। ऐसे में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया की सदस्यता वाले फनंक जैसे नए मंच को लेकर उनकी प्रतिबद्धता का साफ मतलब है। मतलब यह कि दुनिया में पिछले कुछ वर्षों में नाटकीय बदलाव आया है। साथ ही, इस बदलती दुनिया में भारत की भूमिका भी तेजी से बदल रही है।

लेकिन बड़ी बात यह है कि समुद्री सुरक्षा को लेकर फनंक अब सक्रिय होता दिख रहा है। इसने हिंद–प्रशांत के लिए नई पहल शुरू की है। इसके तहत हिंद–प्रशांत क्षेत्र में सदस्य देश रीजनल पार्टनर्स के लिए ट्रेनिंग शुरू करेंगे, जिसे (ड ।प्ज्त्) नाम दिया गया है। इससे प्ड्व। और फनंक की दूसरी पहल के जरिये जो टूल्स दिए गए हैं, उससे उन्हें समुद्री सीमा की निगरानी और सुरक्षा में मदद मिलेगी। वे वहां अपने कानून लागू कर सकेंगे और गैर–कानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने में सक्षम होंगे।

सम्मेलन में हिंद–प्रशांत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क पायलट प्रॉजेक्ट का भी एलान किया गया। इसके तहत चारों देश मिलकर एयरलिफ्ट कैपेसिटी बनाएंगे और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में एक दूसरे की क्षमता का इस्तेमाल कर सकेंगे। किसी कुदरती आपदा की सूरत में इससे राहत और बचाव कार्य में मदद मिलेगी। पहली बार 2025 में फनंक के तहत हिंद–प्रशांत क्षेत्र में ऑब्जर्वर मिशन भी शुरू किया जाएगा। इससे सदस्य देशों के कोस्टगाड्र्स के बीच आपसी तालमेल बढ़ेगा। खासतौर पर इसकी धीमी रफ्तार को निशाना बनाया जाता है। आलोचक कहते रहे हैं कि जिन क्षेत्रों पर इसमें सहयोग की बात होती है, उसका दायरा बहुत बड़ा है। वे चुनिंदा चीजों पर सहयोग करने की सलाह देते आए हैं। लेकिन यह कहना आसान है। असल में, यह मंच जिन क्षेत्रों में सहयोग कर सकता है, उस पर अभी काम चल रहा है।

## सनातन धर्म को डेंगू-मलेरिया कहने वाला को पिता ने बनाया डिप्टी सीएम



मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद राजभवन में तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, सीएम एमके स्टालिन और डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बेटे उदयनिधि स्टालिन को डिप्टी सीएम बना दिया है। इसके साथ ही कैबिनेट में भी फेरबदल किया। वी सेंथिल बालाजी, आर राजेंद्रन, डॉ. गोवी चेझियान और एसएम नासर को स्टालिन सरकार में मंत्री बनाया गया है।

रविवार को राजभवन में गवर्नर आरएन रवि ने सेंथिल बालाजी समेत चारों क्डज्ञ नेताओं को शपथ दिलाई। सेंथिल बालाजी की स्टालिन कैबिनेट में वापसी हुई है। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी के बाद इस साल फरवरी में इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 27 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है।

## आईएनएस अरिघात के बाद भारतीय नौसेना की ताकत सबमरीन वाग्शीर



भारतीय नौसेना में पिछले दिनों परमाणु शक्ति से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघात को कमीशन किया गया था।भारतीय नौसेना दिसंबर में अपनी छठी और अंतिम कलवरी–श्रेणी की पनडुब्बी वाग्शीर को कमीशन करने की तैयारी कर रही है। यह सबमरीन मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में तैयार की गई है। अभी ये अपने फाइनल टेस्टिंग से गुजर रही है। समुद्री सीमा पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने के लिए भारत अभी फ्रांस के साथ तीन और ऐसी पनडुब्बियों के निर्माण पर चर्चा कर रहा है। भारत लगातार हिंद महासागर में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद में जुटा है। इसी के मद्देनजर लगातार सबमरीन को कमीशन करने की तैयारी तेजी से आगे बढ़ रही है।

## योगी के मंच पर नूंह हिंसा का आरोपी, बिट्टू बजरंगी का बीजेपी को समर्थन





हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान नूंह हिंसा का आरोपी बिट्टू बजरंगी यूपी के ब्ड योगी आदित्यनाथ के साथ मंच पर दिखा। यहां उसने फरीदाबाद की गुर्जर, बड़खलगुर्जर, विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को समर्थन दिया। इसी सीट से बिट्टू बजरंगी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किया था।चुनाव कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि थे। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, बड़खलविधानसभा प्रत्याशी धनेश अधलखा, एनआईटी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार फागना, पृथला विधानसभा प्रत्याशी टेक चंद शर्मा समेत कई स्थानीय भाजपा नेता मौजूद रहे। कांग्रेस ने भी नूंह की फिरोजपुर झिरका सीट से पूर्व विधायक मामन खान को अपना प्रत्याशी बनाया वह भी नूंह हिंसा का आरोपी है, इसी मामले में वह गिरफ्तार भी कर चुकी है, फिलहाल वह जमानत पर बाहर है।

## खरगे ने बिगडी तबियत में पीएम पर साधा निशाना फिर प्रधानमंत्री मोदी ने हाल जानने को किया फोन

राजनीतिक मतभेद के बीच शिष्टाचार दिखाया या राजनीती ?



खरगे की तबियत की जानकारी पीएम मोदी को मिली उनसे बातचीत की। राजनीतिक मतभेद के बीच शिष्टाचार दिखाया हालांकि रैली में खरगे ने जोरदार राजनीतिक बयान दिए, लेकिन मोदी की तरफ उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ करना राजनीतिक तनाव के बीच शिष्टाचार का एक उदाहरण है। खरगे ने पीएम के खिलाफ हमला बोला था। उन्होंने कहा कि जब तक मोदी को सत्ता से बाहर न करूगा मैं नहीं मरूंगा

## राफेल डील में फ्रांस ने घटाई रकम हिंद महासागर में होगी तैनाती

२०१६ में ३६ राफेल की कीमत ५० हजार करोड




दोनों देशों के बीच 26 राफेल मरीन जेट की खरीद को लेकर कई महीनों से बातचीत चल रही थी। हालांकि, फाइनल डील कितने में होगी, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। भारत नौसेना के लिए राफेल–ड की डील के लिए बेस प्राइज वहीं रखना चाहता है, जो 2016 में वायुसेना के लिए 36 विमान खरीदते समय रखी थी। इस सौदे की कीमत 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होने की उम्मीद है।इस डील में और क्या–क्या रहेगा शामिल – फ्रांसीसी ऑफर में फाइटर जेट पर भारतीय हथियारों को असेंबल करने के लिए पैकेज शामिल हैं। इन हथियारों में अस्त्र एयर–टू–एयर मिसाइल, एयरक्राफ्ट कैरियर से ऑपरेट करने के लिए जेट में इंडियन स्पेसिफिक इन्हैंस्ड लैंडिंग इक्विपमेंट्स और जरूरी इक्विपमेंट्स शामिल किए हैं।

हिंद महासागर में होगी राफेल मरीन जेट की तैनाती – नेवी के लिए खरीदे जा रहे 22 सिंगल सीट राफेल–एम जेट और 4 डबल ट्रेनर सीट राफेल–एम जेट हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए INS विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे।

## महबुबा ने हिजबुल्लाह को शहिद बतायाँ , लेबनान ओर फिलिस्तीन समर्थन में चुनावी रैली निरस्त।

नसरल्लाह के समर्थन में जम्मू–कश्मीर के बड़गाम में लोगों ने शनिवार को रैली निकाली।



पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत पर दुख जताया है। शनिवार, 28 सितंबर को ग पर अपनी पोस्ट में महबूबा ने कहा कि लेबनान और गाजा के शहीदों, खासतौर से हसन नसरल्लाह के समर्थन में रविवार का चुनावी दौरा रद्द कर रही हूं। उन्होंने कहा कि इस गहरे दुख और विद्रोह की घड़ी में हम फिलिस्तीन और लेबनान के लोगों के साथ खड़े हैं। उधर, नसरल्लाह के समर्थन में जम्मू–कश्मीर के बड़गाम में लोगों ने रैली भी निकाली।

भाजपा बोली– आतंकियों की मौत पर आंसू बहाना महबूबा की पुरानी आदत – इसे लेकर भाजपा ने रविवार को महबूबा मुफ्ती पर निशाना साधा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर पी सिंह ने कहा कि महबूबा घड़ियाली आंसू बहा रही हैं। नसरल्ला की मौत पर कैंपेन रोककर वे वोटबैंक की पॉलिटिक्स कर रही हैं।

## जम्मू में भाषण के दौरान बेहोश हुए कांग्रेस अध्यक्ष खडगे मोदी को हटाएंगे नहीं, जिंदा रहूंगा

भाषण देते हुए खड़गे की आवाज धीमी होती चली गई और अचानक वे बेसुध हो गए। इसके चलते भीड़ में अफरा–तफरी मच गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खड़गे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। आपकी बात सुनता रहूंगा। जम्मू–कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए बात रखाता रहूंगा। जम्मू–कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाएंगे । जम्मू में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जम्मू–कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है।

## चंद्रयान-3 चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर पर उतरा



चंद्र मिशन और सैटेलाइट्स की तस्वीरों का विश्लेषण करने वाले वैज्ञानिकों ने अनुमान जताया है कि चंद्रयान–3 चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर्स में से एक पर उतरा। वैज्ञानिकों की टीम में अहमदाबाद के फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी एंड इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के रिसर्चर्स भी शामिल हैं।

फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी के प्लैनेटरी साइंस डिवीजन में एसोसिएट प्रोफेसर एस विजयन ने बताया कि यह क्रेटर 3.85 अरब साल पहले नेक्टेरियन काल के दौरान बना था। नेक्टेरियन काल चंद्रमा के इतिहास में सबसे पुराने समय काल में से एक है। एस विजयन ने न्यूज एजेंसी को बताया कि चंद्रयान–3 लैंडिंग साइट एक यूनीक जियोलॉजिकल सेटिंग है। वहां इससे पहले कोई दूसरा मिशन नहीं गया है। चंद्रयान–3 के प्रज्ञान रोवर से ली गईं तस्वीरें इस लैटिट्यूड पर चंद्रमा की पहली तस्वीरें हैं। तस्वीरें से पता चलता है कि चंद्रमा समय के साथ कैसे बदला है।




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



# गांधीसागर समूह जल प्रदाय योजना का 70 प्रतिशत से अधिक कार्य हुआ पूर्ण ।

*नीमच मन्दसौर जिले के ९१५ गांवों में हर घर नल से मिलेगा पेयजल*



नीमच 29 सितम्बर 2024, म.प्र. शासन की महात्वकांक्षी 1798.05 करोड़ लागत की गांधीसागर समूह जल प्रदाय योजना का अब तक 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। योजना का सम्पूर्ण कार्य पूरा कर, मार्च माह से नीमच मन्दसौर जिले के कुल 915 गांवों में हर घर नल से शुद्ध जल प्रदाय प्रारम्भ कर दिया जावेगा। इसमें नीमच जिले के 646 गांव एवं मन्दसौर जिले के 269 गांव शामिल है। महाप्रबंधक जल निगम श्री जितेंद्र सिंह राणावत ने बताया, कि इस गांधीसागर समूह जल प्रदाय योजना से नीमच मन्दसौर जिले की 10 लाख 55 हजार 455 से अधिक जनसंख्या लाभांवित होगी। इसके साथ ही नीमच जिले के 6 व मन्दसौर जिले की 1 नगरीय निकाय को भी योजना से बल्घ्क मात्रा में शुद्ध जल प्रदाय किया जावेगा।

नगर परिषद जीरन को 2.0 एम.एल.डी., रतनगढ़ को 1.8 एम.एल.डी., अठाना को 0.9 एम.एल.डी., सरवानिया महाराज को 1.3 एम.एल.डी., सिंगोली को 1.5 एम.एल.डी., कुकड़ेश्वर को 1.6 एम.एल.डी. एवं नारायणगढ़ (मन्दसौर) को 1.7 एम.एल.डी. जल प्रदाय किया जावेगा। योजना के तहत निर्माण कार्य मैसर्स दिलीप बिल्डकान लिमिटेड भोपाल द्वारा किया जा रहा है।गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना के तहत 168.72 एम.एल.डी. क्षमता का ग्राम सालरामाला में एक इन्टरवेल एवं एप्रोच ब्रिज निर्माण का कार्य प्रगति पर है। रा वाटर पम्पिंग मैन पाईप लाईन 11.80 किलोमीटर बिछाने का कार्य भी प्रगति पर है। ग्राम बस्सी के समीप 136 एम.एल.डी. क्षमता का वृहद वाटर ट्रीटमेंटप्लांट निर्माण का कार्य भी 80 प्रतिशत से अधिक पूर्ण कर लिया गया है। क्लीयर वाटर पम्पिंग मैन पाईपलाईन बिछाने का कार्य 0.595 किलोमीटर में किया जा रहा है। पचास से 2100 किलोलीटर क्षमता के 21 क्लीयर वाटर सम्प निर्माण का कार्य भी तेजी से जारी है। योजना के तहत पचास से 650 किलोलीटर क्षमता के 316 आर.सी.सी. ओव्हर हैड टैंक निर्माण का कार्य प्रगति पर है। क्लीयर वाटर ग्रेविटी/मैन फीडर का कार्य 1754.89 किलोमीटर लंबाई में किया जा रहा है। इसमें से 1447.92 किलोमीटर पाईपलाईन बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया है। इस योजना के तहत 4733.67 किलोमीटर लंबी जल वितरण पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसमें से अब तक 3766.20 किलोमीटर लंबी पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस योजना के तहत कुल 1 लाख 70 हजार 617 घरेलू नल कनेक्शन दिए जाना है। इनमें से अब तक 1 लाख 39 हजार 462 घरेलू नल कनेकशन प्रदाय किए जा चुके हैं। योजना के तहत विभिन्घ्न निर्माण कार्यों के कारण 1147 किलोमीटर रोड़ कटिंग की गई थी। इसमें से अब तक 328.27 किलोमीटर रोड़ रेस्ट्रोरेशन का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। शेष 819.455 किलोमीटर रोड़ रेस्ट्रोरेशन का कार्य भी तेजी से लगभग 50 टीमों द्वारा निरंतर किया जा रहा है। रेस्ट्रोरेशन का सम्पूर्ण कार्य नवम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा।

महाप्रबंधक जल निगम श्री राणावत ने बताया, कि गांधीसागर समूह जल प्रदाय योजना से माह मार्च 2025 के प्रथम सप्ताह से हर घर नल से शुद्ध जल आपूर्ति प्रारंभ कर दी जाएगी।

## *जिला चिकित्सालय में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न ।*

चिकित्सालय नीमच में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर नगरपालिका के लगभग 135 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हृदय सम्बन्धी व अन्य बीमारियों की जाँच कीगई। इस शिविर मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश प्रसाद एवं सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल के मार्गदर्शन मे एन सी डी नोडल डॉ. मनीष यादव मेडिकल कॉलेज नीमच के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. भनप्रताप अहिरवार व डॉ. विनय वर्माए मनोरोग विशेषज़ डॉ. स्वाति वधवाए आदि ।

## *ई-पुस्तकालय एवं उसके ई- संसाधनों के उपयोग विषय पर कार्यशाला सम्पन्न ।*

नीमच 26 सितम्ध्बर 2024, शासकीय महात्मा गाँधी महाविद्यालय में 25 सितम्बर, 2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य डा. आर.सी.मेघवाल के निर्देशन एवं स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ई–पुस्तकालय एवं उसके ई–संसाधनों के उपयोग, विषय पर एक दिवसीय पुस्तकालय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार एवं संयोजक डा. आर. के. पेन्सिया ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत की।

तदपश्चात कार्यक्रम के महाविद्यालय के पुस्तकाल अध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम नामदेव ने ई–पुस्तकालय की जानकारी दी। उन्होने बताया, कि ई–ग्रंथालय साफ्टवेयर, जो कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित है, मध्यप्रदेश शासन द्वारा सभी शासकीय महाविद्यालयों के लिए विभिन्न विषयों की 251 ई– बुक्स का सब्सक्रिप्शन ले रखा है। उनका उपयोग कैसे करना है, कैसे पढ़ना हैं और कैसे उनका एक्सेस करना इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्घ्होने गूगल बुक्स के बारे में बताया। स्टाफ एवं विद्यार्थियों की ई–लाइब्रेरी साफ्टवेयर से संबंधित जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में डा.धर्मेन्द्र कुमार ने आभार प्रदर्शित किया ।

## प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया नीमच में जिला योजना समिति की बैठक में भाग लेगी

*प्रभारी मंत्री पंख अभियान के कार्यक्रम में शामिल होगी*

नीमच 29 सितम्बर 2024, प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया का 29 सितम्बर 2024 को शाम 6 बजे इंदौर से सड़क मार्ग द्वारा बदनावर, जावरा, मंदसौर होते हुए रात्रि 11.55 बजे नीमच आगमन हो रहा है, वे रात्रि विश्राम नीमच सर्किट हाउस पर करेगी।

प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया आज 30 सितम्बर को प्रात 9.30 बजे नीमच से प्रस्थान कर , 10 बजे भादवामाता पहुंचकर, विकास कार्यो का निरीक्षण करेंगी। वे 11.30 बजे नीमच में जिला योजना समिति की समीक्षा बैठक एवं दोपहर 1.30 बजे ड्रोन दीदी कार्यक्रम के शुभारंभ में शामिल होने के बाद अपरान्ह तीन बजे बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के तहत बाछड़ा समुदाय के उत्थान के लिए नीमच के टाउन हॉल में पंख अभियान के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 7 बजे नीमच से मंदसौर के लिए प्रस्थान करेंगी।

# खरीफ वर्ष 2024 में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन विक्रय के लिये पंजीयन प्रांरम्भ।

नीमच 26 सितम्बर 2024, कृषकों द्वारा उत्पादित सोयाबीन उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए किसान भाई खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024–25) में समर्थन मूल्य पर प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत फसल–सोयाबीन उपज को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लिये 25 सितंबर से 20 अक्टूबर 2024 तक ई–उपार्जन पोर्टल .mpeuparjan-nic-in पर पंजीयन करा सकते है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था –ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र,जनपद पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधाकेंद्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र, एम.पी. किसान एप पर (स्वयं के मोबाईल से) पंजीयन किया जा सकता है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था–एम.पी.ऑनलाईन कियोस्क पर, कामन सर्विस सेंटर कियोस्क पर, लोकसेवा केंद्रों पर सशुल्क पंजीयन करवाए जा सकते है।आवश्यक दस्तावेज – भू–स्वामी किसान–भूमि संबंधित दस्तावेज खसरा नकल, किसान का आधार कार्ड, आधार नंबर से पंजीकृत मोबाईल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र की प्रति लेकर करा सकते है तथा सिकमी, वन पट्टाधारी किसान–वनाधिकार पट्टा एवं सिकमी बटाईदार (सिकमीनामा) अनुबंध की प्रति लेकर सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था पर जाकर करा सकते है। उपार्जन हेतु पंजीयन के समय आधार कार्ड, खसरा नकल बैंक पासबुक की प्रति अपलोड अनिवार्य है।

# आपदा प्रबंधन विषय पर नीमच में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



नीमच 28 अगस्त 2024, आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल द्वारा आयुष भवन नीमच में 28 व 29 अगस्त दो दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल के सयुक्त संचालक डॉ.जॉर्ज व्ही.जोसेफ. ने आपदा प्रबंधन के उद्देश, संर्पदंश एवं आकाशीय बिजली से बचाव ,आपदा के बाद के प्रभाव एंव उपाय आपदा प्रबंधन में स्वय सेवी संस्थ्थाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिंह धार्वे, जिला पंचायत अतिरिक्त सीईओं श्री अरविद डामोर, होमगार्ड, पुलिस विभाग, जनअभियान परिषद समिति सदस्य, स्वैच्छिक संस्थाए एवं बडी संख्या में छात्र– छात्राएं उपस्थित थे।

# नीमच कलेक्टर ने की ग्रामीण विकास योजनाओं और कार्यो की प्रगति की समीक्षा

नीमच 29 अगस्त2024, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्घ्न योजनाओं के तहत स्वीकृत सभी निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण कर उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी करें। ग्रामीण विकास की सभी योजनाओं में जिले की रैंक में सुधार लाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग व्दारा संचालित योजनाओं और कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, जनपद सीईओ श्री आकाश धार्वे, श्री राजेन्द्र पालनपुरे, सहित कार्यपालन यंत्री, आर.ई.एस. सभी सहायक यंत्री एवं जिला पंचायत के सभी परियोजना अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा व्दारा अमृत सरोवर निर्मण कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार और भी अृमत सरोवर के कार्य लिए जा सकते है। गौशालाओं के निर्माण की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शेष गौशालाओं का निर्माण कार्य भी तेजी से पूरा करवाएं। गौशालाओं में बिजली, पानी की सुविधा के लिए डीएमएएफ से स्वीकृति के प्रस्ताव प्रस्तुत करें। सुदुर सडक निर्माण कार्यो की समीक्षा में बताया गया कि 176 सुदुर सडकों के कार्यो में से 24 सडकों का काम पूर्ण हो गया है। शेष स्वीकृत सुदुर सडकों का काम भी प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के निर्देश सभी सहायक यंत्रियों और जनपद सीईओ को दिए गए।

## *विधायक एवं कलेक्टर ने किया सी.एम.राईज स्कूल निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण*



नीमच 26 सितम्बर 2024, विधायक श्री दिलीपसिह परिहार एवं कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को नीमच में स्वीकृत सी.एम.राईज स्कूल के भवन निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण किया। विधायक एवं कलेक्टर ने शा.क.उ.मा.वि.नीमच कैंट के परिसर एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय नीमच कैंट के परिसर तथा हवाई पट्टी के समीप स्थित भूमि का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## नीमच मे आफत की बरसाात से जन जनजीवन हुआ प्रभावित,

नीमच जिले में शुक्रवार शाम से लंबे समय के बाद कई स्थानों पर रुक–रुक कर हल्की से तेज बारिश हो रही है। जिसके चलते जिले सभी नदी नाले उफान पर है। बारिश से शनिवार को जिले के कई इलाकों में आवागमन पर असर देखने को मिला। शहर की पुलिस लाइन स्थित करीब 21 पुलिस क्वाटर में नाले का पानी घुस जाने पर एसडीआरएफ की टीम को बुलाना पड़ा ओर घरों को खाली कर लोगो को निकाला गया। हालांकि अब बारिश थमी हुई है और पानी उतर चुका है। रविवार को जिले हल्की बारिश का अनुमान है। वहीं लगातार बारिश के चलते अब तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले दो दिनों में जिले के तापमान पर लगभग 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। मानसून ट्रफ, लो प्रेशर एरिया और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की एक्टिविटी कमजोर पड़ने से मध्यप्रदेश में अब तेज बारिश का दौर थम जाएगा। रविवार को पूरा प्रदेश भीगेगा जरूर लेकिन भारी बारिश जैसी स्थिति नहीं रहेगी। हल्की बारिश के साथ गरज–चमक के आसार हैं।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

# रतलाम के स्कूल में 5 साल की बच्ची से रेप , आरोपी 10वीं का छात्र

मध्यप्रदेश में रेप की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। अब रतलाम के एक प्राइवेट स्कूल में 5 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। वहीं श्योपुर में दो आरोपियों ने एक आदिवासी महिला से गैंगरेप किया। दोनों ही मामलों में पुलिस जांच में जुट गई है।

रतलाम में बच्ची के साथ गलत हरकत करने वाला आरोपी स्कूल के चौकीदार का नाबालिग बेटा है। वह भी इसी स्कूल की दूसरी ब्रांच में 10वीं का छात्र है। शनिवार को जब बच्ची को लेकर सिविल ड्रेस में पुलिस स्कूल पहुंची, तो आरोपी को देख मासूम ने इशारे में कहा– इसे गोली मार दो। तफ्तीश के बाद शनिवार देर रात पुलिस ने एफआईआर की। आरोपी को पकड़कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

मासूम को तीन दिन तेज बुखार रहा

शहर के औद्योगिक इलाके के एक स्कूल में बच्ची यूकेजी में पढ़ती है। बच्ची की मां ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया, श्बेटी को स्कूल छोड़ने और लाने का काम मेरी बहन करती है। तीन दिन से बेटी को बुखार आ रहा था। टॉयलेट कम हो रही थी। 27 सितंबर की रात बच्ची टॉयलेट के लिए उठी। उसने अपनी मौसी को बताया कि उसे जलन हो रही है। बहन ने मुझे उठाया। हमारे पूछने पर बेटी बोली कि एक लड़का गंदी हरकत करता है।

स्कूल में आरोपी लड़के को पहचाना– बच्ची की मां के मुताबिक, श्बेटी यह बता ही रही थी, तभी मेरी बहन को कुछ याद आया। उसने बताया कि 24 सितंबर को जब वह बेटी को स्कूल से लेकर आ रही थी, तब उसके टी–शर्ट के बटन खुले हुए थे। उसका पूरा शरीर लाल था और तेज बुखार से तप रहा था। सुबह होने पर पिता और भाई को यह बात बताई, इसके बाद हम बच्ची को स्कूल लेकर गए। बच्ची ने वो जगह बताई, जहां उसके साथ गलत हरकत की गई थी। उसने आरोपी लड़के को भी पहचाना।श

परिजन ने स्कूल मैनेजमेंट से शिकायत की, इसके बाद शनिवार को ही औद्योगिक थाने पहुंचकर एफआईआर कराई। स्कूल के तीसरे फ्लोर पर है चौकीदार का कमरा पुलिस जांच में सामने आया है कि स्कूल की तीसरी मंजिल पर चौकीदार का कमरा बना हुआ है। इसी कमरे में ले जाकर आरोपी छात्र ने बच्ची के साथ गलत हरकत की है। जांच में यह भी सामने आया है कि स्कूल मैनेजमेंट ने सिर्फ ग्राउंड फ्लोर तक सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। ऊपरी मंजिल पर कैमरे ही नहीं है। ( डीबीएप के सौजन्य से )

# पहले मुर्तियाँ अब गिरी महाँकाल मन्दीर की दिवार ।

पिछले साल जब स्मार्ट सिटी के अधिकारी रिटेनिंग वॉल के ऊपर नई दीवार बना रहे थे, तभी मैंने कहा था कि 8 इंच दीवार बनाने से क्या होगा, ये एक न एक दिन गिर जाएगी। तब अधिकारियों ने मेरी बात को अनसुना कर दिया था। जिसकी मैंने आशंका जाहिर की थी वो ही हुआ। एक साल पहले बनी दीवार ढह गई और दो लोगों की मौत हो गई।

ये कहना है महाकाल मंदिर के गेट नंबर 4 के सामने बड़ा गणपति मंदिर के पुजारी विमल व्यास का। वे पंडित सूर्यनारायण व्यास के परिवार से हैं, जिन्होंने भारत की आजादी का शुभ लग्न निकालकर देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को दिया था। पंडित व्यास का मकान महाराजवाड़ा स्कूल की दीवार से सटा हुआ है। जो दीवार गिरी है उसकी वजह से उनके मकान की छत पर भी पानी भरने लगा था, जिसकी शिकायत उन्होंने अधिकारियों को की थी। स्थानीय कांग्रेस की पार्षद भी अधिकारियों पर ही लापरवाही का आरोप लगा रही हैं।

जो दीवार ढही उसके पीछे एक और दीवार बनाई गई है। इसका निर्माण मप्र पर्यटन विभाग ने कराया है। ये दीवार ही पुरानी दीवार के गिरने की वजह बनी है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें तो स्मार्ट सिटी ने प्रोजेक्ट हैंड ओवर किया था। वहीं कलेक्टर का कहना है कि पंडित व्यास के मकान की वजह से पूरा हादसा हुआ है।

महाकाल लोक फेज–2 के तहत महाराजवाड़ा स्कूल हेरिटेज बिल्डिंग का संरक्षण होना है। स्मार्ट सिटी ने इसका संरक्षण कर हेरिटेज होटल बनाया और एमपी टूरिज्म को सौंप दिया। खास बात यह है कि महाराजवाड़ा ऊंचाई पर है और मंदिर की तरफ का हिस्सा ढलान पर है। इसलिए यहां कुछ साल पहले रिटेनिंग वॉल बनाई गई थी। हेरिटेज होटल का महाकाल लोक के साथ संविलियन किया जाना था। इसलिए रिटेनिंग वॉल के पहले एक और दीवार बननी थी। बाद में रिटेनिंग वॉल को ढहाना था। यह प्रोजेक्ट यूडीए के पास था, लेकिन स्टे होने की वजह से काम रुका था। इधर, एमपी टूरिज्म ने होटल शुरू करने से पहले रिटेनिंग वॉल के पीछे 15 दिन पहले दीवार बनाना शुरू कर दी। दोनों दीवारों में 20 फीट का फासला है। दो दिन से हो रही बारिश से दोनों के बीच पानी को रास्ता नहीं मिला और रिटेनिंग वॉल का ऊपरी हिस्सा ढह गया।

# शिवराज का काफिला रोका अतिथि शिक्षकों ने मामा को याद दिलाया वादा

शिक्षक बोले– मामाजी आपसे ही आस; चौहान ने कहा– मैं पूरी ताकत लगा दूंगा



सीहोर जिले के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला रोक कर अतिथि शिक्षकों (गेस्ट टीचर्स) ने वादा पूरा करने की मांग की। रविवार को भैरूंदा में अतिथि शिक्षकों ने शिवराज से कहा, आपसे ही आस है मामा जी।श

शिक्षकों ने उन्हें मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का बयान याद दिलाते हुए कहा कि बयान तो आपने सुना ही होगा। इस पर शिवराज ने कहा, श्मैं देखता हूं। घोषणा पूरी करने के लिए मैं पूरी ताकत लगाऊंगा।

बता दें, मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री रहते हुए शिवराज ने अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की बात कही थी। वर्तमान में 70 हजार अतिथि शिक्षक नियमित किए जाने को लेकर आंदोलित हैं। इससे पहले वे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी अपनी बात रख चुके हैं।

अतिथि शिक्षक – सर, हम अतिथि शिक्षक लोग हैं... शिवराजरू अभी आप लोगों को बाहर कर दिया क्या? अतिथि शिक्षकरू जी सर, बहुत से लोग बाहर हो गए। आपके मंत्री जी का बयान आपने सुना होगा। हम लोगों को बहुत आघात पहुंचा है। आपने जो घोषणा की थी, उसको लेकर बहुत उम्मीद थी।

शिवराजरू मैं अपनी घोषणा पूरी करने के लिए पूरी ताकत लगाऊंगा। मैं बात कर रहा हूं।

अतिथि शिक्षकरू आपसे लास्ट सवाल, अगर पूरा कर सकते हैं, तो हां–न में जवाब दे दीजिए। या फिर छत्तीसगढ़ की तरह पद स्थायित्व का आदेश करवा दीजिए। आपके मंत्री जी ऐसा जवाब देते हैं। हमारा मनोबल टूट गया है। अब आपसे ही आशा है।

शिवराजरू मैं बात करता हूं।

अतिथि शिक्षकरू आप ही उम्मीद हो, सीहोर जिले में अतिशेष के कारण सारे अतिथि शिक्षक खाली हो गए हैं। आप तो हमारे दिल में बसे हो मामा जी। शिवराज– मैं बात करता हूं।

भोपाल में शिवराज, ग्वालियर में सिंधिया से कर चुके मुलाकात

अतिथि शिक्षक बीते दिनों ग्वालियर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से उनके आवास जयविलास पैलेस में मुलाकात करने पहुंचे थे। भोपाल में भी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवास पर मुलाकात कर चुके हैं। दोनों केंद्रीय मंत्रियों से उन्होंने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के बयान की शिकायत की थी।( डीबीएप के सौजन्य से )

## एमपी के मैहर में बडा हादसा 9 की मौत, 24 घायल; जेसीबी और गैस कटर से बस काटकर यात्रियों को निकाला

मध्यप्रदेश के मैहर में शनिवार देर रात यात्री बस सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरा गई। हादसे में चार साल के बच्चे समेत 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 24 घायल हो गए। इन्हें मैहर, अमरपाटन और सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा शनिवार रात करीब 10.30 बजे नादन देहात थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे नंबर 30 पर हुआ। बताया जा रहा है कि आभा ट्रैवल्स की स्लीपर कोच बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी। बस काफी रफ्तार में थी। इसी दौरान चौरसिया ढाबा के पास सड़क किनारे खड़े हाइवा से जा टकराई। 53 सीटर बस में 45 यात्री सवार थे। सूचना मिलते ही नादन और मैहर पुलिस के साथ ही एसडीएम विकास सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल और एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू शुरू किया। घायलों में से 9 को अमरपाटन, 7 को मैहर सिविल हॉस्पिटल जबकि 8 को सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जेसीबी की मदद और गैस कटर से बस काटकर निकाले फंसे यात्री

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस पूरी तरह पिचक गई। कई यात्री बस में ही फंस गए। रेस्क्यू में जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। गैस कटर से बस का दरवाजा काटकर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। रात करीब 2 बजे रेस्क्यू कार्य पूरा हुआ।

# मोदी की मन की बात में डिंडौरी मध्यप्रदेश।

डिंडौरी में महिलाओं ने तालाब बनाकर फिश फार्मिंग की; छतरपुर में लगाया फ्रूट फॉरेस्ट




पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में छतरपुर और डिंडौरी जिले में जल संरक्षण के लिए किए गए महिलाओं के प्रयासों की तारीफ की।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को श्मन की बातश कार्यक्रम के 114वें एपिसोड में मप्र के छतरपुर और डिंडौरी जिले में जल संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों की तारीफ की। पीएम मोदी ने कार्यक्रम की शुरुआत में कहा कि श्मन की बातश को 3 अक्टूबर को 10 साल पूरे हो रहे हैं।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने डिंडौरी के रायपुरा गांव में बड़े तालाब के निर्माण से ग्राउंड लेवल वाटर के बढ़ने और छतरपुर के खौंप गांव में बड़े तालाब को महिलाओं के प्रयासों से पुनर्जीवित करने का जिक्र किया।

च्ड बोले– बारिश का मौसम बताता है जल संरक्षण कितना जरूरी

मोदी ने कहा– पिछले कुछ सप्ताह से देश के अलग–अलग हिस्सों में जबरदस्त बारिश हो रही है। बारिश का मौसम हमें याद दिलाता है कि जल संरक्षण कितना जरूरी है। बारिश के दिनों में बचाया गया पानी जल संकट के दिनों में मदद करता है। पानी के संरक्षण को लेकर कई लोग नई पहल कर रहे हैं।

डिंडौरी में महिलाओं ने तालाब बनाकर बदली जिंदगी

पीएम ने कहा– कहीं नारी शक्ति जल शक्ति को बढ़ाती है, तो कहीं जलशक्ति नारी शक्ति को मजबूत करती है। मप्र के दो बड़े प्रेरणादायी प्रयासों की मुझे जानकारी मिली। डिंडौरी के रायपुरा गांव में बड़े तालाब के निर्माण से भू–जल स्तर काफी बढ़ गया। इसका फायदा गांव की महिलाओं को मिला।

महिलाओं ने पुराने तालाब से बदली गांव की सूरत

मोदी ने कहा– छतरपुर में भी महिलाओं का प्रयास सराहनीय है। यहां खौंप गांव का बड़ा तालाब जब सूखने लगा, तो महिलाओं ने इसे पुर्नजीवित करने का बीड़ा उठाया। श्हरी बगियाश स्वसहायता समूह की महिलाओं ने तालाब से बड़ी मात्रा में गाद निकाली। इसका इस्तेमाल बंजर जमीन पर फूड फॉरेस्ट तैयार करने के लिए किया। ( डीबीएप के सौजन्य से )

## सागर में पहली बार नेत्र प्रत्यारोपण- आंखों से पट्टी खुलते ही किसान ने किए माँ दुर्गा के दर्शन

बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में बुंदेलखंड का पहला नेत्र प्रत्यारोपण हुआ है। करीब एक सप्ताह पहले हुए नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में उजाला हुआ है। एक व्यक्ति किसान है तो दूसरा बीड़ी मजदूर है। दोनों की उम्र 65 वर्ष है। किसान की आंख एक साल पहले ग्लूकोमा रोग होने की वजह से खराब हो गई थी और दूसरी आंख मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद सूजन आने से खराब हो गई थी। उसे दोनों आंखों से दिखाई देना बंद हो गया था।

जबकि बीड़ी मजदूर की आंख में पस जमा हो जाने के कारण पुतली गलने लगी थी। इस कारण उसे दोनों आंखों से दिखना बंद हो गया। नेत्र ज्योति मिलने के बाद किसान ने सबसे पहले मां दुर्गा की तस्वीर के दर्शन किए। बीड़ी मजदूर ने अपने पांच साल के पोते को देखने की इच्छा जताई है। डीन डॉ. पीएस ठाकुर बताते हैं कि 24 सितंबर की शाम 7 बजे वैश्य महासम्मेलन के निकेश गुप्ता का फोन आया। उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारी मनीष गुप्ता की पत्नी शांति के कॉर्निया दान करना है। सूचना मिलते ही दो टीमें तैयार की गईं। पहली टीम ने मकरोनिया स्थित अस्पताल में कॉर्निया सुरक्षित किया। दूसरी टीम ने नेत्र रोग विभाग में रजिस्टर्ड 26 लोगों से संपर्क करना शुरू किया। इनमें से 6 लोग ही आए। इन लोगों की और कॉर्निया की जांच की गई। जांच के दौरान किसान रमेश (परिवर्तित नाम) को एक साल से दोनों आंखों में अंधत्व की समस्या पाई गई।

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

# भारत की स्थाई सदस्यता का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस ने किया खुला समर्थन

*चीन को छोड़कर सभी स्थायी सदस्य साथ*



रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि उनका देश ग्लोबल साउथ के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए भारत और ब्राजील की में स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है। हालांकि उन्होंने पश्चिमी देशों के लिए सीट का विरोध किया।भारत को रूस ने दिया समर्थन वॉशिंगटन भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है। भारत की मांग है कि उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता दी जाए। अबरूस ने भी भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। संयुक्त राष्टसुरक्षा परिषद में अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, रूस और चीन पांच स्थायी सदस्य हैं। जिनमें से चार लगातार भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करते रहे हैं। यूके, अमेरिका, फ्रांस, बूटान, पुर्तगाल और चिली ने हाल ही में भारत कोसंयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने के लिए समर्थन जताया। देश को स्थायी सीट देने का कड़ा विरोध किया।पश्चिमी देशों पर भड़का रूस – सर्गेई लावरोव ने कहा, हम ब्राजील और भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। साथ ही अफ्रीकी संघ की पहलों पर सकारात्मक निर्णय लेने का भी समर्थन करते हैं। लेकिन,निश्चित रूप से हम पश्चिमी देशों के लिए अतिरिक्त सीटों की बात भी नहीं कर सकते, जो पहले से ही एनएससी में ज्यादा प्रतिनिधित्व रखे हैं। भारत लंबे समय से विकासशील देशों के हितों को लेकर बेहतर प्रतिनिधित्व के लिए यूएन में स्थायी सीट की मांग कर रहा है।रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। इसमें उन्होंने भारत के साथ ब्राजील की भी स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। उन्होंने कहा, श्हम पश्चिम के साथ बातचीत से पीछे नहीं हट रहे हैं। जुलाई में रूस के प्रस्ताव पर, अधिक न्यायसंगत, अधिक टिकाऊ विश्व व्यवस्था के निर्माण के विषय पर सुरक्षा परिषद में एक खुली बहस हुई थी।

# पाक पर विदेश मंत्री एस जय शंकर का बयान “ अपने कर्मो का फल भुगत रहा पाक ”



जयशंकर ने कहा– कई देश जानबूझकर ऐसे फैसले लेते हैं, जिनके परिणाम विनाशकारी होते हैं। हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान इसका बेहतरीन उदाहरण है। वो अपने कर्मों का फल भुगत रहा है। उसकी GDP को केवल कट्टरपंथ और आतंकवाद फैलाने के रूप में मापा जा सकता है।

पाकिस्तान की सीमा पार आतंकवाद की नीति कभी सफल नहीं हो सकती और न ही होगी। 1947 में अपने गठन के बाद से पाकिस्तान सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। वो अपने विनाशकारी परिणामों के साथ जानबूझकर लिए गए निर्णयों के कारण पीछे रह गया है। जयशंकर बोले– पाकिस्तान की नीति युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की जयशंकर ने इस्लामाबाद की आतंकी पॉलिसी पर कहा कि ऐसी राजनीति अपने लोगों (पाकिस्तानी) में इस तरह की कट्टरता पैदा करती है, तो इसकी जीडीपी को केवल कट्टरपंथ और आतंकवाद फैलाने के रूप में मापा जा सकता है।

पाकिस्तान की अपने युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की पॉलिसी पर जयशंकर ने कहा– आज हम देखते हैं कि दूसरों पर जो बुराइयां लाने की कोशिश की गई थीं, वो निगल रही हैं। पाकिस्तान दुनिया को दोष नहीं दे सकता, ये केवल कर्म है। पाकिस्तान के कब्जे से भारतीय क्षेत्र खाली करना है जयशंकर ने कहा कि दूसरों की जमीन पर लालच करने वाले एक निष्क्रिय राष्ट्र का पर्दाफाश करनाचाहिए। उसका मुकाबला किया जाना चाहिए। हमने कल इस स्टेज पर इसके कुछ अजीब दावे सुने। उन्होंने कहा कि मैं भारत की स्थिति को पूरी तरह से स्पष्ट कर दूं। पाकिस्तान की सीमा पार आतंकवाद की नीति कभी सफल नहीं होगी। और उसे सजा से बचने की कोई उम्मीद नहीं करनी चाहिए। उलटे काम के परिणाम जरूर सामने आएंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत के पास हल किया जाने वाला मुद्दा अब केवल पाकिस्तान के अवैध तरीके से कब्जाए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है।

# इंडिया आउट मेरा नारा नही भारत आने से पहले मालदीव राष्ट्रपति मुइज्जू का बयान

*मुइज्जू ने कहा भारत के खिलाफ नही था , सर्फ सैनिकों की मौजूदगी से दिक्कत*



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कभी भी 'इंडिया आउट' एजेंडा चलाने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वे कभी भी भारत के खिलाफ नहीं रहे। सिर्फ भारतीय सैनिकों की मौजूदगी मालदीव के लिए एक गंभीर समस्या थी। मुइज्जू संयुक्त संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने अमेरिका गए हुए हैं। इस दौरान वे प्रिस्टन यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। यहां उन्होंने ये बातें कही। मालदीव पीएमए ने कहा– "हम कभी भी, किसी भी देश के खिलाफ नहीं रहे। मालदीव के लोगों को विदेशी सैनिकों से दिक्कत थी। लोग देश में एक भी विदेशी सैनिक नहीं चाहते थे। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोइज्जू के बीच पहली मुलाकात दिसंबर 2023 में हुए 28 सम्मलेन के दौरान हुई थी। इस साल की शुरुआत में मालदीव सरकार में उप युवा मंत्री मालशा शरीफ और मरियम शिउना ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी की थी। इसके बाद भारत में सोशल मीडिया पर मालदीव के खिलाफ गुस्सा भड़क गया था।

मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद बढ़ा भारत–मालदीव में तनाव – नवंबर 2023 में मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हो गया था। मुइज्जू राष्ट्रपति बनने के पहले से ही मालदीव से भारतीय सैनिकों को हटाने की मांग कर रहे थे। 45 साल के मुइज्जू ने चुनाव में भारत समर्थक मोहम्मद सोलिह को हराया था। मुइज्जू ने कहा था कि अगर भारत अपनी सेना को नहीं हटाएगा तो यह मालदीव के लोगों की लोकतांत्रिक आजादी का अपमान होगा। मुइज्जू ने भारतीय सैनिकों की मौजूदगी को मालदीव में लोकतंत्र के भविष्य के लिए खतरा भी बताया था। उन्होंने कहा कि देश में बिना संसद की इजाजत के दूसरे देश की सेना की उपस्थिति संविधान के खिलाफ है। मुइज्जू अपनी पहली स्टेट विजिट पर चीन गए थे। इसके पहले मालदीव का हर राष्ट्रपति पहला दौरा भारत का ही करता आया था। मुइज्जू जल्द भारत आएंगे – मुइज्जू जल्द ही भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर आने वाले हैं। मुइज्जू के प्रवक्ता ने 10 सितंबर को इसकी जानकारी दी थी। उनकी यात्रा पिछले महीने ही होने वाली थी, लेकिन किसी वजह से ये टल गई। वे अब अक्टूबर में भारत आ सकते हैं। इससे पहले मुइज्जू 9 जून को प्रधानमंत्री मोदी के शपथ–ग्रहण में शामिल होने के लिए भारत आए थे।

# भारत ने सँयुक्त राष्ट्र महासभा में पाक पीएम शहबाज के भाषण को पाखंड बताया ।

*पाक ने बांग्लादेश में नरसंहार किया, अब इंटॉलरेंस की बात कर रहा।*

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आरोपों का जवाब दिया है। भारतीय राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने राइट ऑफ रिप्लाई के तहत पाकिस्तानी पीएम के भाषण को 'पाखंड' बताया। भारतीय राजनयिक ने कहा – बदकिस्मती से आज असैंबली में ऐसा तमाशा दिखा है। एक ऐसा देश जिसकी कमान सेना के पास है, जो आतंकवाद, अपराध और ड्रग्स की तस्करी के लिए दुनियाभर में बदनाम है, उसने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने की हिम्मत की है। राजनयिक भाविका ने कहा कि लंबे समय से दुनिया जानती है कि पाकिस्तान ने सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल अपने पड़ोसियों के खिलाफ किया है। उन्होंने हमारी संसद, हमारी आर्थिक राजधानी मुंबई, हमारे बाजार और तीर्थयात्रा के रास्तों पर हमले किए हैं। ये लिस्ट बहुत लंबी है। भाविका मंगलनंदन को इसी साल संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। भारतीय राजनयिक ने 1971 के नरसंहार की याद दिलाई राजनयिक भाविका ने कहा कि पाकिस्तान जैसे देश के लिए कहीं भी हिंसा के बारे में बात करना सबसे बड़ा पाखंड है। हैरानी वाली बात है कि जिस देश का इतिहास चुनावों में गड़बड़ी वाला है वह एक लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्प की बात करता है।



भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश में 1971 में नरसंहार किया और अभी भी अपने अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करता है। अब उनके नेता असहिष्णुता और फोबिया की बात कर रहे हैं। भारतीय राजनयिक ने ये भी कहा कि पाकिस्तान की नजर हमारी जमीन पर है। उसने लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल जम्मू–कश्मीर में चुनावों में किया है। शहबाज शरीफ ने फिर कश्मीर मुद्दा उठाया – इससे पहले पाकिस्तान के पाक पीएम शहबाज शरीफ युएन मे, में कश्मीर का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कश्मीर की तुलना फिलिस्तीन से की थी। अपने 20 मिनट के भाषण में शरीफ ने आर्टिकल 370 और बुरहान वानी का भी जिक्र किया था। शरीफ ने कहा था कि भारत अपनी सैन्य ताकत लगातार बढ़ा रहा है। वह इसका इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ कर सकता है। पाकिस्तानी पीएम ने भारत को चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तान, पर किसी भी हमले का जवाब देगा।

# सुनीता विलियम्स को अंतरीक्ष से धरती पर वापस लाने मस्क की कम्पनी का गया रॉकेट

अरबपति इलोन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने शनिवार दोपहर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल लॉन्च पैड से अपना फाल्कन 9 रॉकेट अंतिरक्ष में भेजा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में ले गए इस रॉकेट में दो क्रू मेंबर नासा के एस्ट्रोनॉट्स निक हेग और रूसी एस्ट्रोनॉट्स अलेक्जेंडर गोरबुनोव सवार हैं।ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर 5 जून से फंसीफाल्कन 9 के लिए नए लॉन्च पैड का इस्तेमाल किया। जो कि क्रू मेंबर मिशन के लिए इस पैड का पहला इस्तेमाल था। नासा चीफ बिल नेल्सनभारतीय मूल की एस्ट्रोनोट्स सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को धरती पर वापस लाया जाएगा। चार सीट वाले इस रॉकेट में दो सीटें खाली छोड़ी गई

# हसन नसरल्लाह की मौत से डरा हमास चीफ, गाजा के लादेन याह्या सिनवार ने बदली लोकेशन

तेल अवीवरू हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद हमास चीफ याह्या सिनवार की चिंता बढ़ गई है। हमास चीफ गाजा की सुरंगों में छिपा है। सऊदी अरब के अल अरबिया टीवी चौनल ने शनिवार को एक रिपोर्ट में कहा कि नसरल्लाह की मौत के बाद याह्या सिनवार ने अपनी लोकेशन बदल दी है। इजरायल ने शुक्रवार को लेबनान में एक एयर स्ट्राइक की थी। इसमें हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत हो गई। हमला हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर किया गया था। जहां हमला हुआ वहां हिजबुल्लाह के कई कमांडर और ईरान का एक कमांडर मौजूद था।

घर से काम – रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले कुछ दिनों से याह्या सिनवार की सुरक्षा में भी बदलाव किया गया है। हमास नेताओं ने विदेश में बैठे अपने उच्च अधिकारियों के साथ संचार बंद करने का फैसला किया है। साथ ही लेबनान में होने वाली सभी मीटिंग को अगली सूचना तक रद्द कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक हमास नेता अब आपस में सिर्फ लिखे हुए पत्र के जरिए बातचीत करते हैं। इजरायल हमास के नेताओं को भी पहले निशाना बना चुका है। हमास के नेता भी अलर्ट पर – नसरल्लाह की मौत के बाद हमास के अन्य नेताओं ने गाजा पट्टी में अपनी आवाजाही को बंद करने का फैसला किया है। यह इजरायल की ओर से लगातार बढ़ते खतरे को दिखाता है। इसके अलावा लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकियों ने भी मिलना–जुलना और एक जगह से दूसरी जगह जाना बंद करने का फैसला किया है। एक सप्ताह पहले ऐसी अफवाह आई थी कि इजरायली एयर स्ट्राइक में याह्या सिनवार मारा गया। लेकिन इसे लेकर किसी रिपोर्ट में पुष्टि नहीं हो पाई।

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा